भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. 2102

सोमवार, 9 दिसम्बर, 2024/18 अग्रहायण, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान**

**2102. श्री मुकेशकुमार चंद्रकांत दलालः**
**श्रीमती रूपकुमारी चौधरीः**
**श्री गजेन्द्र सिंह पटेलः**
**श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावाः**
**डॉ. आलोक कुमार सुमनः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान (पीएमजेयूजीए) के तहत स्थानीय संस्कृति और विरासत के एकीकरण से स्वदेश दर्शन योजना के तहत विकसित पर्यटन स्थलों के प्रति आकर्षण किस प्रकार बढ़ रहा है;

(ख) खरगोन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में चिह्नित गांवों की संख्या कितनी है तथा इसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) संतृप्ति कवरेज दृष्टिकोण से चिह्नित 63,000 गांवों में पांच करोड़ से अधिक जनजातीय लोगों को किस प्रकार लाभ मिलने की संभावना है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि जनजातीय समुदाय उक्त स्वदेश दर्शन योजना के भाग के रूप में पर्यटन विकास में सक्रिय रूप से भाग लें और लाभान्वित हों?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): सरकार ने पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना के तहत 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' के भाग के रूप में जनजातीय होमस्टे के विकास की पहल को स्वीकृति प्रदान की है। उपरोक्त पहल में 1000 होमस्टे के विकास के लिए प्रति इकाई 5 लाख रु. (नए निर्माण के लिए), 3 लाख रु. (नवीकरण के लिए) और ग्राम समुदाय की आवश्यकता के लिए 5 लाख रु. की वित्तीय सहायता शामिल है। पर्यटन मंत्रालय ने उक्त पहल के कार्यान्वयन के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया है और अभी तक उपरोक्त पहल के लिए गांवों को चिह्नित नहीं किया गया है।

*****